सच की ताकत, खबरों के साथ

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ सोमवार ♦ 16 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 916

29 बच्चों ने किया कविता पाठ, दिव्यांशी विजेता व आस्था रही उपविजेता, हुए पुरस्कृत

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

16 नवंबर 2026। संवेदनाओं और भावनाओं की संवाहक कविताएं है। साहित्य की सबसे भावपूर्ण विधा होने के साथ ही समाज में भाव अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम कविता ही है। ये बात बाल साहित्यकार शिवराज भारतीय ने राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा रविवार को संस्कृति भवन में बाल दिवस के उपलक्ष में आयोजित कविता वाचन प्रतियोगिता में कही। शिवराज मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों की कविताओं के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के बालमन बदल रहें है और उनके विषय अब चिड़िया, चांद, बादल फूल से नहीं रहें, अब वे नारी, अधिकार, रोजगार, मोबाइल, इंस्टाग्राम की बात कर रहें है। उन्होंने बाल कवियों को निरंतर लिखते पढ़ते रहने की प्रेरणा दी। शिवराज ने स्वरचित ÷माँ÷ गीत भी सुनाया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार कपिला स्वामी ने कविता वाचन प्रतियोगिता के आयोजन को अगली पीढ़ी में साहित्य के बीजारोपण करने वाला आयोजन बताते हुए संस्था के प्रयास को सराहा। स्वामी ने बाल कवियों की स्वरचित कविताओं की लय की भी सराहना की। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कमल किशोर पीपलवा ने वर्तमान समय में तेजी से बदल रहें परिवेश पर चिंता जताते हुए पढ़ने और लिखने की प्रवृत्ति बचाए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने अभिभावकों व जिम्मेदारों से बच्चों को किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करने की बात कही। इससे पूर्व मंचासीन









अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों का फूलमाला, दुपट्टा, स्मृति चिह्न व पुस्तकें देकर स्वागत सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में साहित्यकार डॉ मदन सैनी, सत्यदीप व अंबिका डागा रही। कार्यक्रम संयोजक भगवती पारीक 'मनु' व संस्था मंत्री रवि पुरोहित ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष श्याम महर्षि ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में भंवर भोजक, तुलसीराम चोरडिया, श्रीभगवान सैनी, विश्वनाथ तंवर, सीमा भोजक, विजय महर्षि, नारायण शर्मा, रामचंद्र राठी, खुशबू स्वामी, मनोज गुसांई, महेश जोशी, नोरतन शर्मा एवं बजरंग शर्मा सहित अनेक साहित्यप्रेमी व विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

दिव्यांशी विजेता और आस्था रही उपविजेता, पांच सांत्वना पुरस्कार दिए

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। प्रतियोगिता में श्रीडूंगरगढ़, लिखमादेसर, सातलेरा, मोमासर सहित अनेक गांवो की विभिन्न स्कूलों से कुल 29 प्रतिभागी शामिल हुए। 7 बच्चों ने जागरूकता के स्वरों से पूर्ण स्वरचित कविताएं सुनाई। जिनमें दिव्यांशी पुत्री बजरंग सुथार प्रथम स्थान पर रही। वहीं आस्था पुत्र गोविंद सेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर संस्कार इनोवेटिव स्कूल की निकुंज पुत्री राजेश सारस्वत रही। वहीं पांच बाल कवि आईना पुत्री तोलाराम शर्मा, भवानी पुत्री सहीराम जाखड़, कमल पुत्र सोहनलाल प्रजापत, तनिशा पुत्री गौरीशंकर मोदी, हेमलता पुत्री मनोज सुथार को दिए गए। सभी को विजेताओं को नगद राशि, मैडल, प्रमाणपत्र दिए गए। वहीं प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए।

विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। प्रतियोगिता में पी.एम. श्री ताल मैदान, कन्हैयालाल सिखवाल राजकीय विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैसलसर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सातलेरा, भारती निकेतन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणसर पुराना, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वार्ड संख्या 11, संस्कार इनोवेटिव स्कूल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोमासर, जयपुर पब्लिक स्कूल, बाल भारती, ए.जी. मिशन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लिखमादेसर, मॉडर्न राजस्थान, बाल निकेतन तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिग्गा के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

धमकी देते हुए ड्राईवर के साथ जम कर की मारपीट, वीडियो वायरल, दो नामजद सहित अन्य पर लगाए आरोप

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 16 नवम्बर 2026। कस्बे के आड़सर बास निवासी बोलेरो गाड़ी को किराए पर चलाने वाले एक व्यक्ति के साथ कालूबास में कुछ लोगों ने उसे घेर कर जम कर मारपीट की और मामले में कालूबास में आने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए। श्रीडूंगरगढ़ थाने से मिली जानकारी के अनुसार इस संबध में आड़सर बास निवासी कन्हैयालाल पारीक ने कालूबास निवासी कालूराम सारण उसके बेटे भवानी सारण एवं अन्य 2-3 जनों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि उसका भाई श्रवण बोलेरो किराए पर चलाने का काम करता है। कई बार कालूबास से मजदूरी करने वाले लोगों को खेतों में काम करवाने के लिए ले जाता है एवं वापस लाता है। श्रवण का कालूबास निवासी किशन जाट से पैसों का लेनदेन चलता है। गत 11 नवम्बर को वह किशन को पैसे देने के लिए कालूबास गया तो आरोपियों ने उसे रोक लिया एवं कालूबास में आने एवं यहां से किसी आदमी को गाड़ी में चढ़ाने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। श्रवण ने किशन जाट के घर रुपए देने के लिए कालूबास में आने की बात कही तो आरोपियों ने उसे घसीट कर किशन के घर की बाखल में फेंक दिया। उसके साथ जम कर मारपीट की एवं बदनाम करने के लिए वीडियो वायरल कर दिए। आरोपियों ने उसके जेब में रखा पर्स, आवश्यक कागज़ात, 7000 रुपये, हाथ में पहना हुआ चांदी का कड़ा और सोने की अंगूठी छीन ली। परिवादी एवं परिवार को रात्रि करीब 11 बजे घटना का पता चला तो उन्होने श्रवण को संभाला एवं दो दिनों तक उसका उपचार करवाने के बाद शनिवार को श्रीडूंगरगढ़ थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मालमा दर्ज कर लिया है एवं जांच एएसआई भवरू खान को दी गई है।

12 एमएम बरसात के बाद मूंगफली में हुआ नुकसान, किसान परेशान, युवा नेता ने प्रशासन को पत्र लिखकर विशेष गिरदावरी की मांग की

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 16 नवंबर 2026। शनिवार रात हुई बेमौसम बारिश ने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटाई के बाद खुले में रखी मूंगफली की ढेरियां बारिश में भीगने से किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। श्रीडूंगरगढ़ में रात को 12 एमएम बारिश दर्ज की गई, वहीं आड़सर पुरोहितान, बाना, सोनियासर गोदारान, तोलियासर, शेरूणा सहित आसपास के गांवों में भी बारिश हुई। बाना के किसान आसाराम बाना, श्रीडूंगरगढ़ रोही के किसान हरि जाखड़ ने बताया कि बारिश में भीगने से मूंगफली के दाने काले पड़ने की आशंका है। इससे फसल की गुणवत्ता प्रभावित होगी और मंडी में किसानों को उपज के उचित भाव नहीं मिल पाएंगे। पहले ही कमजोर मानसून के चलते उत्पादन प्रभावित हुआ है, ऐसे में बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। आड़सर पुरोहितान के किसान सुभाष नायक ने बताया कि बरसात से किसानों को भारी नुकसान झेलना होगा। शेरूणा के किसान श्रीराम ने बताया कि कुछ किसानों ने नुकसान की सूचना पीएमएफबीवाई पर देते हुए बीमा क्लेम दिलवाने की मांग भी की है।

विशेष गिरदावरी की उठाई मांग

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। मामले को लेकर कांग्रेस के युवा नेता हरीराम बाना ने जिला कलक्टर एवं उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों को राहत देने की मांग की है। बाना ने पत्र में बताया कि कमजोर मानसून के कारण इस वर्ष पहले से ही मूंगफली उत्पादन पर विपरीत असर पड़ा है। खेती की लगातार बढ़ती लागत के बीच किसान आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। ऐसे में बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। बाना ने प्रशासन से प्रभावित गांवों में राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर तत्काल फसल खराबे का सर्वे करवाने, विशेष गिरदावरी करने तथा पात्र किसानों को फसल बीमा क्लेम एवं उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की है। उन्होंने जिला प्रशासन से किसानों के हित में शीघ्र आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर राहत पहुंचाने की अपील की है।







हारे चुनाव पर जीता गांव का दिल- हारे हुए सरपंच प्रत्याशी को 26.51 लाख रूपए का दिया सहयोग





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 16 नवंबर 2026। चुनाव में हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन आपसी प्रेम, सम्मान और सामाजिक एकता चुनावी परिणामों से कहीं ऊपर होते हैं। ऐसी ही मिसाल ग्राम पंचायत कल्याणसर नया में देखने को मिली, जहां सरपंच पद के प्रत्याशी रहे पूर्व सरपंच आईदान गोदारा के लिए रविवार ग्रामीणों ने सम्मान एवं स्वाभीमान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से 26 लाख 51 हजार रुपए की राशि भेंट कर उनके प्रति अपना स्नेह और विश्वास प्रकट किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे एवं गोदारा के गत कार्यकाल को गांव के लिए ऐतिहासिक बताया। वहीं गोदारा ने चुनाव में हार जीत को महत्व नहीं देने की बात कहते हुए ग्रामीणों की सेवा में सदैव उपलब्ध रहने का भरोसा ग्रामीणों ने दिलाया। कार्यक्रम में तेजरासर सरपंच श्रीलाल जाखड़, कल्याणसर पुराना सरपंच मेघाराम महिया, ऊपनी सरपंच हरिराम गोदारा, कांग्रेस सूडसर ब्लाक अध्यक्ष श्रीराम भादू भी अतिथि रूप में मौजूद रहे, जिनका अभिनंदन भी किया गया। सभी अतिथियों ने आईदान गोदारा के चुनाव हारने के बाद भी दिल जीतने की बात कही। गांव के युवा जितेन्द्र गोदारा ने समस्त मतदाताओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया एवं चुनावी प्रतिस्पर्धा के विपरित आपसी संबंधों को मजबूत बनाए रखने और गांव की एकजुटता को प्राथमिकता देने को गांव का सम्मान एवं स्वाभिमान बताया।

भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के साथ सामाजिक सरोकार भी निभा रही भारती कोचिंग एकेडमी, CET विद्यार्थियों के लिए होगी निःशुल्क मेगा टेस्ट सीरीज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 16 नवंबर 2026। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे क्षेत्र के युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से भारती कोचिंग एंड डिफेंस एकेडमी द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत निःशुल्क मेगा टेस्ट सीरीज आयोजित की जाएगी। राजस्थान CET (12वीं स्तर) की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए आयोजित यह टेस्ट सीरीज संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित होगी, जिसमें श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के सभी विद्यार्थी निःशुल्क भाग ले सकेंगे। एकेडमी के अनुसार टेस्ट सीरीज के तहत पहला टेस्ट 18 नवंबर, दूसरा 22 नवंबर और तीसरा टेस्ट 26 नवंबर को आयोजित होगा। सभी टेस्ट सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा जैसा माहौल उपलब्ध करवाने के साथ उनकी तैयारी का आकलन करना और कमजोर विषयों की पहचान कर उन्हें बेहतर तैयारी के लिए प्रेरित करना है। एकेडमी की ओर से इच्छुक विद्यार्थियों से समय रहते पंजीकरण करवाने की अपील की गई है। टेस्ट सीरीज का आयोजन भैरूंजी मंदिर गली, मेन मार्केट स्थित भारती कोचिंग एंड डिफेंस एकेडमी में होगा। अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल नंबर 8104531404 पर संपर्क किया जा सकता है।



भागवत कथा में सजाई झांकियां, लगाया छप्पन भोग





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 16 नवंबर 2026। नेहरू पार्क में श्रीकृष्ण सत्संग समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा में रविवार को कथा वाचक ने इंद्र देव के मान मर्दन की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने विभिन्न कृष्ण लीलाओं का वर्णन किया और जय जय गिरिराज धरण की भजन पर श्रद्धालु झूम उठे। इस दौरान सुदंर सजीव झांकियां सजाई गई और भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। विधायक ताराचंद सारस्वत भी कथा में पहुंचे और संत दर्शन कर आशीर्वाद लिया। आयोजकों ने बताया कि कथा के दो दिन सोमवार व मंगलवार शेष है, जिसमें श्रद्धालु शामिल होकर भागवत कथा श्रवण का लाभ ले सकते है।

न्यूजीलैंड में वनडे सीरीज जीतकर गदगद हुए श्रेयस अय्यर, बताया टीम इंडिया की जीत का राज

भारत ने न्यूजीलैंड को पांचवें वनडे में 22 रन से हराकर सीरीज 3-1 से जीत ली। माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए इस मुकाबले के बाद भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर काफी खुश नजर आए। उन्होंने इस जीत को टीम के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। साथ ही खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। श्रेयस अय्यर ने कहा कि न्यूजीलैंड में टी20 और वनडे सीरीज जीतना शानदार अनुभव रहा। टीम को पूरी सीरीज के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मौसम में भी लगातार बदलाव देखने को मिला। इसके बावजूद खिलाड़ियों ने मुश्किल परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया और जीत हासिल की।

मुश्किल हालात में भरोसा कायम रहा

पांचवें वनडे में भारतीय टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी थी। हालांकि, खिलाड़ियों का आत्मविश्वास कम नहीं हुआ। इसको लेकर श्रेयस अय्यर ने कहा कि पूरी टीम को भरोसा था कि वह किसी भी समय मैच का रुख बदल सकती है। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों की सोच एक जैसी थी। टीम ने इसी रणनीति के साथ मैदान पर प्रदर्शन किया। उन्हें खुशी है कि खिलाड़ी अपनी योजना को अमल में लाने में सफल रहे।

कप्तान ने सीरीज जीत का श्रेय किसे दिया?

श्रेयस अय्यर ने वनडे सीरीज में भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन को जीत की सबसे बड़ी वजह बताया। भारतीय कप्तान के मुताबिक, इस सीरीज में बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां आसान नहीं थीं। ऐसे में तेज गेंदबाजों पर टीम को पूरा भरोसा था। गेंदबाजों ने कप्तान के विश्वास को सही साबित किया। पांचवें वनडे में न्यूजीलैंड की टीम 187 रन पर सिमट गई। श्रेयस अय्यर ने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने मुश्किल समय में जिम्मेदारी उठाई। उन्हें अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था। कप्तान के अनुसार, टीम को हर खिलाड़ी से इसी तरह के जज्बे और जिम्मेदारी की उम्मीद है। खिलाड़ियों का यह रवैया टीम की सफलता में अहम साबित हुआ।



भारतीय प्रशंसकों को भी कहा धन्यवाद

श्रेयस अय्यर ने सीरीज के दौरान टीम का समर्थन करने वाले भारतीय प्रशंसकों का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में फैंस स्टेडियम पहुंचे और हर परिस्थिति में टीम का हौसला बढ़ाया। अय्यर ने कहा कि सीरीज में कभी भारत का पलड़ा भारी रहा तो कभी न्यूजीलैंड ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसके बावजूद दर्शकों ने दोनों टीमों का समर्थन किया। यह देखना काफी अच्छा रहा। उन्होंने आगे कहा कि क्रिकेट लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ऐसे में प्रशंसकों की भूमिका बेहद अहम है। उनका प्यार और समर्थन खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देता है। अय्यर ने मैदान पर मौजूद सभी दर्शकों का दिल से धन्यवाद किया।

भक्त की लाज रखने भगवान ने भरा मायरा, संपन्न हुआ मायरा वाचन



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 16 नवंबर 2026। बिग्गाबास के महेश भवन में आयोजित नानी बाई का मायरा शनिवार को संपन्न हुआ। कथा वाचक कैलाश सारस्वत ने कहा कि भक्त की लाज रखने भगवान ने स्वयं आकर मायरा भरा। उन्होंने भक्ति में भरोसे का महत्व बताया और नरसी मेहता सा विश्वास प्रभु पर रखने की बात कही। झंवर परिवार की बहन बेटियों ने मायरा भरा और हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय आयोजन संपन्न हुआ।

खाटूश्यामजी जन्मोत्सव के लिए रेलवे का तोहफा, 19 नवंबर से कोटा से चलेगी स्पेशल ट्रेन

खाटूश्यामजी जन्मोत्सव पर यात्री भार को देखते हुए रेल प्रशासन ने विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कोटा से रशीदपुरा खोरी वाया जयपुर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इस ट्रेन में आरक्षित श्रेणियों की सीटें उपलब्ध हैं। गाड़ी संख्या 09803 कोटा-रशीदपुरा खोरी स्पेशल 19 नवंबर को कोटा से रात 9.55 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 5.40 बजे रशीदपुरा खोरी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09804 रशीदपुरा खोरी-कोटा स्पेशल 20 नवंबर को सुबह 7.15 बजे रवाना होगी और उसी दिन शाम 4.30 बजे कोटा पहुंचेगी।

इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में लाखेरी, इंद्रगढ़ सुमेरगंज मंडी, सवाई माधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर, ढेहर का बालाजी, रींगस जंक्शन और सीकर जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में वातानुकूलित, शयनयान और सामान्य श्रेणी के कुल 16 कोच होंगे। खाटूश्यामजी के दर्शन करने वाले श्रद्धालु रींगस जंक्शन पर उतरकर करीब 17 किलोमीटर की सड़क यात्रा से मंदिर जा सकेंगे। यात्री आइआरसीटीसी से सीटों की उपलब्धता देखकर अग्रिम आरक्षण करा सकते हैं। ट्रेन की ताजा जानकारी एनटीईएस या रेलवे हेल्पलाइन 139 से ली जा सकती है।

भागलपुर-जयपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए भागलपुर से जयपुर के बीच एकतरफा स्पेशल ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, भागलपुर-जयपुर



एकतरफा स्पेशल ट्रेन 18 नवम्बर को भागलपुर से 9.30 बजे रवाना होकर 20 नवम्बर को रात 3.30 बजे जयपुर पहुंचेगी। संचालन के दौरान यह ट्रेन सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, वाया मिर्जापुर होते हुए सूबेदारगंज, गोविन्दपुरी, इटावा, टूण्डला, ईदगाह, भरतपुर, बांदीकुई, दौसा एवं गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर ठहराव करेगी।

वीकली स्पेशल ट्रेन का एक ट्रिप बढ़ाया

अतिरिक्त यात्रीभार को देखते हुए रेलवे ने खड़की-सांगानेर-खड़की वीकली स्पेशल ट्रेन के संचालन में एक ट्रिप का विस्तार किया है। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, खड़की-सांगानेर स्पेशल खड़की से 26 नवंबर को संचालित होगी। वहीं, सांगानेर-खड़की स्पेशल सांगानेर से 27 नवंबर को रवाना होगी। दोनों तरफ से एक-एक ट्रिप का संचालन किया जाएगा।

डिग्गी में डूबने से तीन बच्चों की मां की मौत, ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला शव

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 16 नवंबर 2026। क्षेत्र के गांव ऊपनी की रोही में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय महिला की पानी की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान जेठी देवी पत्नी किसनाराम जाट के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला करीब 25 फुट गहरी डिग्गी में गिर गई थी। घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर एसआई मोहनलाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ टीम को भी सूचना दी गई। हालांकि ग्रामीणों के सहयोग से महिला को डिग्गी से बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद शव को श्रीडूंगरगढ़ उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। महिला तीन बच्चों की मां थी। घटना की सूचना पर मृतका के पीहर पक्ष के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।



विधि-विधान से मनाई गई छठ पूजा, श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव को दिया अर्घ्य

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 16 नवंबर 2026। क्षेत्र में बिहारी समाज द्वारा आड़सर बास में छठ पूजा का पर्व श्रद्धा के साथ पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्रतधारी महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और संतान की दीर्घायु की कामना की। छठ पर्व के दौरान सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना की गई। महिलाओं ने माता को प्रसाद अर्पित कर पूजा संपन्न की तथा उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन संपन्न किया।







